<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1225

13 फरवरी, 2019 को उत्तर के लिए

भुवनेश्वर में विशेष ग्रेड इस्पात संयंत्र

1225. श्री नरेन्द्र कुमार स्वैनः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भुवनेश्वर में द्रव्य इस्पात के उत्पादन और उस क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने हेतु एक विशेष ग्रेड इस्पात संयंत्र की स्थापना की जाएगी; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): वर्तमान में भुवनेश्वर में विशेष ग्रेड वाले इस्पात संयंत्र की स्थापना हेतु किसी इस्पात सीपीएसई से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हमारे देश में इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका केवल सुविधाप्रदाता तक सीमित होती है। किसी स्थान पर नए संयंत्र स्थापित करने का निर्णय सार्वजनिक या निजी इस्पात कंपनियों द्वारा उनके अपने वाणिज्यिक सोच-विचार और बाजार गतिशीलता के आधार पर लिया जाता है।

****